भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2430
दिनांक 13 मार्च, 2025

पेट्रोल और डीजल की कीमतों का निर्धारण

†2430. श्री भर्तृहरि महताब. :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में पेट्रोल और डीजल की कीमतें किस प्रकार निर्धारित की जाती हैं;

(ख) क्या कुछ राज्यों में ईंधन की कीमतें अधिक हैं जबकि अन्य राज्यों में यह काफी वहनीय है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) तेल विपणन कम्पनियों (ओएमसी) द्वारा इस अंतर को कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और
(घ) परिवहन ईंधन की उपलब्धता और वहनीयता बनाए रखने के लिए विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सरकार द्वारा उत्पाद शुल्क में कटौती तथा किए गए अन्य उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (घ): पेट्रोल और डीजल के मूल्य बाजार निर्धारित हैं और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसीज) पेट्रोल और डीजल के मूल्य निर्धारण के संबंध में उचित निर्णय लेती हैं।

सरकार और पीएसयूज ओएमसीज द्वारा बहुत से कदम उठाए गए हैं जिनमें केन्द्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में दो बार नवंबर, 2021 और मई, 2022 में क्रमश: कुल 13 रुपए/लीटर और 16 रुपए/लीटर की कमी की है, जो उपभोक्ताओं को पूर्णतः प्रदान की गई थी जिसके परिणामस्वरुप, घरेलू रूप से, पेट्रोल तथा डीजल के मूल्य घटकर क्रमशः 94.77 रुपए प्रति लीटर और 87.67 रुपए प्रति लीटर हो गए (दिल्ली में मूल्य)। कुछ राज्य सरकारों ने भी नागरिकों को राहत पहुँचाने के निमित्त राज्य वैट दरों को कम कर दिया।

ओएमसीज ने मार्च, 2024 में पेट्रोल और डीजल, प्रत्येक के खुदरा मूल्यों में 2 रुपये प्रति लीटर की कमी की। संबंधित राज्यों/संघ शासित प्रदेश द्वारा लगाए गई विभिन्न वैट दरों के कारण अलग-अलग राज्य में पेट्रोल और डीजल के मूल्य अलग-अलग हो सकते हैं। दिनांक 10.03.2025 की स्थिति के अनुसार पेट्रोल और डीजल के खुदरा बिक्री मूल्य तथा वैट संबंधी राज्य-वार ब्यौरे **अनुलग्नक** में दिए गए हैं।

हाल ही में पीएसयूज की ओएमसीज ने अंतरराज्यीय भाड़े का युक्तिकरण किया है। जिससे राज्यों के भीतर सुदूर भागों में पेट्रोल और डीजल के घटे हुए मूल्यों के रूप में पेट्रोलियम ऑयल एंड लुब्रिकेंट्स डिपो (पीओएल) से दूर रहने वाले सुदूर क्षेत्रों के उपभोक्ता लाभांवित हुए हैं। इस पहल ने राज्य के भीतर पेट्रोल अथवा डीजल के अधिकतम और न्यूनतम खुदरा मूल्यों के अन्तर को भी कम कर दिया है।
भारत सरकार ने आम नागरिकों को उच्च अन्तरराष्ट्रीय मूल्यों से सुरक्षित करने के लिए कई अन्य कदम भी उठाए हैं, जिनमें कच्चे तेल की आयात बास्केट में विविधता लाना, घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सार्वभौमिक सेवा दायित्व के प्रावधानों को लागू करना, पेट्रोल में एथेनॉल का मिश्रण बढ़ाना आदि शामिल हैं।

*****

अनुलग्नक

"पेट्रोल और डीजल की कीमतों का निर्धारण" के संबंध में दिनांक 13.03.2025 को श्री भर्तृहरि महताब द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2430 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

दिनांक 10.03.2025 की स्थिति के अनुसार पेट्रोल और डीजल के खुदरा बिक्री मूल्य

राज्य	संदर्भित नगर	पेट्रोल (रु./ लीटर)			डीजल (रु./ लीटर)		
		उत्पाद शुल्क	वैट	आरएसपी	उत्पाद शुल्क	वैट	आरएसपी
आंध्र प्रदेश	अमरावती	19.90	29.06	109.74	15.80	21.56	97.57
केरल	तिरुवनंतपुरम	19.90	26.41	107.48	15.80	20.00	96.48
तेलंगाना	हैदराबाद	19.90	26.92	107.46	15.80	19.80	95.70
मध्य प्रदेश	भोपाल	19.90	26.70	106.52	15.80	16.70	91.89
बिहार	पटना	19.90	19.31	105.23	15.80	12.59	92.09
पश्चिम बंगाल	कोलकाता	19.90	21.00	105.01	15.80	13.82	91.82
राजस्थान	जयपुर	19.90	24.73	104.72	15.80	14.80	90.21
महाराष्ट्र	मुंबई	19.90	23.99	103.50	15.80	15.18	90.03
कर्नाटक	बैंगलोर	19.90	22.73	102.92	15.80	13.46	88.99
लद्दाख	लेह	19.90	15.00	102.36	15.80	5.28	87.46
सिक्किम	गंगटोक	19.90	19.43	101.75	15.80	10.89	89.00
उड़ीसा	भुवनेश्वर	19.90	21.24	101.11	15.80	17.44	92.69
तमिलनाडु	चेन्नई	19.90	21.33	100.80	15.80	17.57	92.39
लक्षद्वीप	कवारत्ती	19.90	9.16	100.75	15.80	8.70	95.71
छत्तीसगढ	रायपुर	19.90	20.28	100.45	15.80	17.79	93.39
जम्मू और कश्मीर	श्रीनगर	19.90	16.51	99.70	15.80	6.61	84.88
मणिपुर	इंफाल	19.90	19.05	99.21	15.80	9.84	85.26
मिजोरम	आइजोल	19.90	17.86	99.06	15.80	11.38	87.92
असम	गुवाहाटी	19.90	18.80	98.19	15.80	14.60	89.42
झारखंड	रांची	19.90	18.00	97.86	15.80	17.24	92.62
नगालैंड	कोहिमा	19.90	16.94	97.71	15.80	12.83	88.83
त्रिपुरा	अगरतला	19.90	16.25	97.53	15.80	9.86	86.55
पंजाब	जालंधर	19.90	17.34	96.87	15.80	12.41	87.38
गोवा	पणजी	19.90	16.74	96.43	15.80	13.12	88.20
पुदुचेरी	पुदुचेरी	19.90	13.97	96.26	15.80	8.72	86.47
मेघालय	शिलांग	19.90	13.60	96.25	15.80	9.60	87.47
हरियाणा	अंबाला	19.90	15.33	95.54	15.80	12.71	88.37
हिमाचल प्रदेश	शिमला	19.90	13.50	94.78	15.80	10.40	87.13
दिल्ली	नई दिल्ली	19.90	15.40	94.77	15.80	12.83	87.67
गुजरात	गांधीनगर	19.90	14.86	94.70	15.80	15.06	90.38
उत्तर प्रदेश	लखनऊ	19.90	14.85	94.69	15.80	12.44	87.81
चंडीगढ़	चंडीगढ़	19.90	12.48	94.30	15.80	5.16	82.45
उत्तराखंड	देहरादून	19.90	13.14	93.36	15.80	12.53	88.24
दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	दमन	19.90	10.45	92.44	15.80	10.46	87.94
अरुणाचल प्रदेश	ईटानगर	19.90	11.01	90.87	15.80	5.09	80.38
अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	श्री विजया पुरम	19.90	0.82	82.46	15.80	0.77	78.05

स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)

*****